जवाब-तलब | बांधवगढ़ नेशनल पार्क का मामला, फॉरेस्ट अधिकारियों सहित अन्य से जवाब तलब

रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में निर्माण कार्य व अवैध गतिविधियों को चुनौती

जबलपुर। उमरिया जिले के नेशनल पार्क बांधवगढ़ में एक समाजसेवी समिति द्वारा अवैध गतिविधियां किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। दायर मामले में कहा गया है कि रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में वन्य जीवों से संबंधित अन्य गतिविधियां संचालित किया जाना नियमों के खिलाफ है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित की है।

यह जनहित का मामला उमरिया के मानपुर निवासी राजनारायण भट्ट की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार द्विवेदी ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि नेशनल पार्क बांधवगढ़ के कोर एरिया में संत रविदास संभागीय समाज सेवा समिति द्वारा अनुमति लेकर जंगल में सोशल व कल्चर एक्टिविटीज की जा रहीं है। इतना नहीं आरोप है कि उक्त कार्य के साथ ही वहां कुछ निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, जो कि अनुचित है। आवेदक का कहना कि वन्य जीव अधिनियम की धारा-2 के तहत रिजर्व फारेस्ट एरिया में केवल वन्य जीव से संबंधित गतिविधियां ही संचालित हो सकती है, लेकिन इसके बावजूद वहां अन्य अवैध गतिविधियां की जा रहीं है, जिसकी शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। मामले में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, सचिव फारेस्ट, कलेक्टर उमरिया, सीसीएफ भोपाल, रीजनल डायरेक्टर बांधवगढ़, डीएफओं उमरिया, नगर पालिका मानपुर व संत रविदास संभागीय समाज सेवा समिति को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

पूर्व मेयर और पुलिस कर्मी से झड़प मामले में एसटीएफ की रिपोर्ट पेश

मप्र हाईकोर्ट में एसटीएफ ने बल्देवबाग चौराहे पर हेलमेट चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मी से पूर्व महापौर प्रभात साहू की हुई कथित झड़प के मामले में सीलबंद लिफाफे में जांच रिपोर्ट पेश की है। एसटीएफ की ओर से डीएसपी संतोष कुमार तिवारी ने सबूत के रूप में पेन ड्राइव भी प्रस्तुत की है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई आज गुरूवार को सुनवाई नियत की है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर के अधिवक्ता मोहित वर्मा ने याचिका दायर कर कहा है कि 18 सितंबर 2025 को बल्देवबाग चौराहे पर पुलिस हेलमेट चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना हेलमेट लगाए वहां से पूर्व महापौर प्रभात साहू निकले जिन्हें पुलिस वालों ने रोका। इसी बात पर पूर्व महापौर की पुलिस वालों से झड़प हुई। इस दौरान एक भाजपा विधायक भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे, जिससे वहां काफी हंगामा भी मचा था। याचिका में आरोप है कि चेकिंग करने वाले आरक्षक कृष्ण कुमार की न सिर्फ पिटाई हुई, बल्कि उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई। विवाद के तूल पकडऩे के बाद भी पूर्व महापौर के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी।

डुमना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत

जन्मदिन पर जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई व शुभकामनाएं

नवभारत, जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव डुमना एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पारगमन यात्रा के दौरान उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके जन्मदिन पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जहां विधायक अजय बिश्नोई, सुशील तिवारी 'इंदु', अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, डॉ. अभिलाष पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर,डॉ. जितेंद्र जामदार, प्रभात साहू, सुभाष तिवारी रानू सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री डॉ यादव का स्वागत किया। इस दौरान संभागायुक्त धनंजय सिंह, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

काम में लापरवाही, सफाई कंपनी का ठेका निरस्त

लखनऊ के सफाई ठेकेदार पर एक्शन

जबलपुर, नवभारत। काफ़ी समय से साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था को लेकर सुर्खियों में बनी सफ़ाई कंपनी का ठेका अब निरस्त कर दिया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत आधा दर्जन स्टेशनों कई रेल कालोनियों की साफ-सफाई का काम करने वाले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ठेकेदार पर प्रशासन ने अपनी नजर टेढ़ी कर ली है। दरअसल यूपी के इस ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं देने, पीएफ नहीं काटने सहित सफाई कार्य में गड़बड़ी का आरोप था। बताया जाता है कि लखनऊ स्थित मेसर्स आरएन इंडस्ट्रीज ने जबलपुर रेल मंडल में चिकित्सा विभाग के अंतर्गत रेलवे अस्पताल, डिस्पेंसरियों, आधा दर्जन से अधिक रेलवे स्टेशनों, जबलपुर स्थित रेल सौरभ कालोनी, बजरंग कालोनी सहित कई कालोनियों की साफ-सफाई का ठेका लिया था।आरएन इंडस्ट्रीज ने जबलपुर रेल मंडल में काम शुरू किया और कुछ ही दिनों में उक्त ठेकेदार की शिकायतें प्रशासन को मिलना शुरू हो गई कालोनियों, स्टेशनों, अस्पताल में ढंग से साफ-सफाई नहीं की जा रही थी लगातार नोटिस भी प्रशासन द्वारा दिया जा रहा था, इसके बावजूद कार्य में सुधार नहीं हो रहा था। बताया जाता है कि ठेके में स्पष्ट शर्तें है कि जो भी स्टाफ रहेगा, उसे समय पर निर्धारित वेतन तो दिया ही जायेगा, साथ ही उसका भविष्य निधि (पीएफ) की भी कटौती की जायेगी, किंतु पीएफ का अता-पता नहीं, वहीं समय पर कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया जा रहा था, जिससे कर्मचारियों द्वारा अचानक कामबंद हड़ताल पर चले जाते थे, जिससे रेलवे की सफाई व्यवस्था जबर्दस्त ढंग से प्रभावित हो रही थी इन सब घटनाओं को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।जबलपुर रेल मंडल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. अशोक कुमार ने गत 21 मार्च 2026 को लखनऊ की मेसर्स आरएन इंडस्ट्रीज का ठेका टर्मिनेट करने का आदेश जारी कर दिया था। साथ ही जबलपुर रेल मंडल में उक्त कंपनी 2 सालों तक काम नहीं कर सकेगी।

ADMISSION OPEN
BULBUL KINDS KINGDOM HIGH SCHOOL
ENGLISH MEDIUM CBSE PATTERN
UNIFORM FREE | Nursery, LKG, UKG & 1st to 10th | web : bulbulkidskingdom.com
New Ram Nagar, Amkhera Road, Adhartal Jabalpur 9301408550, 6266655219,9301408551

यात्रा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय और पुराना नाम
शिव तीर्थ यात्रा
सन 1970 से लगातार आपकी सेवा में . संचालक : पं. शिवप्रसाद दुबे
ग्राम-पीपरपानी, जिला-मण्डला (म.प्र.)
बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री
उत्तराखंड की चार धाम यात्रा
यात्रा दिनांक:- 09 मई 2026
यात्रा राशि में सम्मिलित सुविधायें
1. सुबह चाय एवं नाश्ता, शाम (रात्रि) में स्वयं निर्मित शुद्ध सात्विक भोजन (दाल, चावल, सब्जी, रोटी, पापड़, सलाद, रायता आदि)। 2. थाली, गिलास, कटोरी, चम्मच एवं विश्राम हेतु गद्दे की व्यवस्था। 3. उपवास पड़ने पर दोनों समय यात्रियों को फलाहार एवं फल की व्यवस्था। 4. ठहरने हेतु अच्छे धर्मशाला एवं यात्री निवास की व्यवस्था। (यात्रीगण यदि अलग से कमरा लेते है तो वह खर्च यात्री को वहन करना होगा)। 5. आरामदायक सुविधाजनक स्लीपर बस एवं मोबाईल चार्जिंग की सुविधा। 6. यात्रा के दौरान अनुभवी संचालक एवं कुशल कर्मचारियों की सुविधा।
यात्रा की विशेष जानकारी
1. बुकिंग चालू है, कृपया 5000/- की एडवांस जमा कर अपनी सीट सुरक्षित करें।
2. यात्रा के दौरान ऑटो, ई-रिक्शा, पालकी, घोड़ा, हेलीकाप्टर का खर्च यात्रियों को स्वयं वहन करना होगा।
3. केदारनाथ धाम में रात्रि में रूकने एवं भोजन का खर्च यात्री को स्वयं देय होगा।
4. यात्राकाल में सहयोग अपेक्षित है एवं संचालक का निर्णय मान्य होगा।
ए.सी. स्लीपर कोच बस द्वारा 20 दिवसीय यात्रा
यात्रा के मुख्य तीर्थ स्थल - मण्डला, जबलपुर से प्रयागराज (त्रिवेणी संगम स्नान), बनारस, अयोध्या धाम रामलला दर्शन, नैमीषारण्य, हरिद्वार, ऋषिकेश, बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री, कुरूक्षेत्र, चित्तौड़गढ़ सांवरिया सेठ, पुष्कर तीर्थ, सालासर बालाजी, श्री खाटू श्याम, जयपुर, मेंहदीपुर बालाजी, ओरछा (राजा राम मंदिर), बागेश्वर द्वारा, जबलपुर-मण्डला।
यात्रा राशि (प्रति व्यक्ति) ऊपर स्लीपर - 31000/- नीचे स्लीपर-33000/-
इस यात्रा राशि में पहाड़ की बस एवं होटल खर्च शामिल है
यात्रा की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए संपर्क करें, पं. वैभव दुबे-9302626840, पं. योगेश दुबे-7049280956

QUTONE
SHIVAM CERAMIC JABALPUR
महाकौशल का सबसे बड़ा शो-रूम
टाइल्स, इटैलियन मार्बल, ग्रेनाइट, सेनेटरी वेअर
GROHE, Bath Fitting, QUTONE, COLORTILE, SERON & LAVISH टाइल्स की आधुनिक रेंज
MG शो-रूम के बाजू में, नागपुर रोड, मदन महल, जबलपुर - 9425188774, 8224045555

केवल दवाइयों द्वारा हार्ट का इलाज
बिना एंजियोग्राफी
बिना एंजियोप्लास्टी
बिना बाईपास सर्जरी
बिना भर्ती किये
स्पंदन हार्ट क्लीनिक
Google 4.9 STAR
23 वर्ष के अनुभव के साथ
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. अतुल महेरे
सटीक सलाह से 5 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ
समय 11.00 से 5.00
पता-भंवरताल पार्क चौराहा, नेपियर टाउन, जबलपुर मो.-7805082378

नवरात्रि एवं ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
JYOTI INNER ZONE
10% से 15% तक की भारी छूट
LUX cozi INNER WEAR | AMUL MACHO | JOCKEY | RUPA | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura, Near Super Market, Jabalpur (MP) 0761- 4038008

LOVED IN 100 COUNTRIES
BAJAJ THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
N160
धाकड़ डेरिंग
गोल्ड USD फ़ोर्क्स
सिंगल सीट के साथ
25 साल का उत्सव
₹7 000* तक की सेविंग्स
₹3 000* तक की छूट | शून्य पीएफ़ | 5 फ्री सर्विसेस
PULSAR 125 मॉडल पर उपलब्ध*
PLATINA पर 3 000 की छूट
एक्स शोरूम कीमत ₹115 203/-*
₹7 500/-* तक के अतिरिक्त ऑफ़र्स Flipkart amazon.in पर उपलब्ध हैं.
pulsar
DEFINITELY DARING
10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111
BAJAJ AUTO CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans
*नियम और शर्तें लागू. बचत 31 मार्च 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर. पल्सर के सिंगल सीट वेरिएंट पर ई-कॉमर्स ऑफर N160 USD संबंधित ई-कॉमर्स पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉमर्स ऑफर पार्टनर के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Jabalpur: Nagrath Chowk FRONTIER BAJAJ 7771011270, 7771003332 • Damoh Naka SELECT BAJAJ 7880097791 • Balaghat SAI BAJAJ 9425822517• Damoh MAA LAXMI BAJAJ 8109061441 • Narsinghpur SATKAR BAJAJ 7747008720 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612 • Shahdol JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Katni TARA BAJAJ 9111407700.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57